# -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 27.06.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों से हुई चोरियों का खुलासा करते हुए 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार । अभियुक्त के कब्जे से चोरी के आभूषण, सिलाई मशीन, टी0वी0, प्रेस, मिक्सर, ब्लोअर, घरेलू बर्तन सहित नगदी बरामद ।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 27.06.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों से चोरी करने वाले 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के कताई मील के पास रहने वाले कुशल कुमार यादव द्वारा कोतवाली नगर पर अपने घर में अज्ञात लोगों द्वारा दिनांक 14.06.2025 को चोरी करने के सम्बन्ध मे सूचना दी गई थी तथा दिनांक 26.06.2025 को कालूकुआँ तिन्दवारी रोड़ क्षेत्र के रहने वाले कपिल अवस्थी द्वारा दिनांक 24.06.2025 को अपने घर में अज्ञात लोगों द्वारा चोरी करने के सम्बन्ध मे सूचना दी थी जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर में मु0अ0सं0- 548/25 तथा मु0अ0सं0- 562/25 सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे । इसी क्रम में आज दिनांक 27.06.2025 को सुबह थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर तिन्दवारी रोड बाइपास से गिरफ्तार कर लिया गया है । पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया गया तथा उनकी निशादेही पर पुलिस द्वारा चोरी के सामानों को बरामद किया गया है ।

**बरामदगी-**

- चोरी के इलेक्ट्रानिक उपकरण (टी0वी0, प्रेस, ब्लोअर व मिक्सर)
- घरेलू बर्तन(कलश, लोटे, परात, कुकर आदि)
- सफेद व पीली धातु के आभूषण (झुमकी, बाला, बिछिया, पायल, चांद आदि)
- 01 सिलाई मशीन व 2200/ रुपये नगद

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. बब्लू पुत्र शिवशंकर निवासी महोखर थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा ।
2. सुनील कुमार रैदास पुत्र ठाकुरदीन निवासी महोखर थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा ।
3. लल्लू प्रजापति पुत्र रामप्रसाद प्रजापति निवासी महोखर थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा ।

**पंजीकृत अभियोग-**

1. मु0अ0सं0- 548/25 धारा 331(4)/305/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा ।
2. मु0अ0सं0- 562/25 धारा 331(4)/305/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा ।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. श्री बलराम सिंह प्र0नि0 कोतवाली नगर
2. श्री आशुतोष त्रिपाठी चौकी प्रभारी मण्डी समिति
3. श्री शिववीर सिंह चौकी प्रभारी विश्वविद्यालय
4. म0उ0नि0 श्री रश्मि सिंह
5. हे0कां0 इन्द्रपाल सिंह
6. कां0 प्रशान्त कुमार
7. कां0 अनुराग यादव